**Title**: Need to provide special economic package to Chhattisgarh for all round development of the State.

**श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) :** महोदय, 1 नवम्बर, 2000 को नए छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ, परन्तु मध्य प्रदेश से अलग होते समय छत्तीसगढ़ प्रदेश बँटवारे में विकास हेतु पर्याप्त राशि नहीं देकर कर्ज़ दिया गया जिससे छत्तीसगढ़ की आम जनता, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं पिछड़े वर्गों, महिलाओं तथा किसानों का विकास अवरुद्ध हो गया है। बार-बार अकाल होने से किसानों की हालत अत्यंत दयनीय हो गई है। केन्द्र सरकार द्वारा पिछले समय में दी गई मदद भी पर्याप्त नहीं साबित हुई। इस वर्ा कवर्धा जिले के पंडीरिया विकास खंड कुन्डा क्षेत्र में अकाल की विकट समस्या है। वर्तमान में आजादी के 53 वर्ों बाद भी छत्तीसगढ़ में सड़क, नाली, पुल, पुलिया, कालेज, हाईस्कूल, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि अनुसंधान केन्द्र, शिक्षित बेरोजगारों हेतु रोजगार, तथा महिलाओं का उत्थान करने की समुचित व्यवस्था नहीं है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ राज्य की जनता के विकास हेतु सरकार विशेा आर्थिक पैकेज 200 करोड़ रुपये प्रदान करे।